>

Title: Need to construct rail over bridge/underbridge in Mau district of Uttar Pradesh.

श्री दारा सिंह चौहान (घोसी): सभापति महोदय, आपने मुझे पहली बार जीरो आवर में कुछ कहने का मौका दिया है, इसलिए आपको धन्यवाद देता हूं।

महोदय, मऊ जो मेरे संसदीय क्षेत्र का मुख्यालय है, वहां पर बड़े पैमाने पर बनारसी साड़ियों का उत्पादन होता है, वहां पर बहुत बड़ा बिक्री केन्द्र भी है, वहां की साड़ियां देश-विदेश में मशहूर हैं। मऊ मुख्यालय में जो रेलवे का जंक्शन है, वहां से गोरखपुर, बनारस, बलिया, आजमगढ़ को ट्रेन्स जाती हैं और बराबर ट्रेन्स आने-जाने के नाते, वहां जो जीरो बिग गेट है मऊ जंक्शन का, घंटों बंद रहता है। कई बार इस सदन में यह मांग की गयी है कि वहां पर फ्लाईओवर होना चाहिए, लेकिन आज तक फ्लाईओवर न होने के नाते लोगों को बहुत असुविधा होती है। उस मऊ जनपद की 80 फीसदी बुनकर और गरीब लोगों की आबादी उस गेट के पश्चिम ओर रहती है और उस गेट के पूर्व की तरफ जनपद का मुख्यालय, हॉस्पिटल एवं तमाम प्रशासनिक भवन हैं। वह गेट बंद होने के नाते वहां से आवागमन तो बाधित होता है, लेकिन तकलीफ तब होती है जब हॉस्पिटल गेट के उस पार होने के कारण, प्रसव पीड़ा से कराहती हुई महिलाओं को गेट बंद होने के नाते हॉस्पिटल पहुंचने से पहले ही बच्चों को जन्म देना पड़ जाता है। मऊ एक बहुत ऐतिहासिक जगह है। जब वहां पर छोटी रेल लाइन थी, तब वहां पड़ा टर्मिनल था, लेकिन अब बड़ी रेल लाइन बनने के बाद वह छोटा पड़ रहा है। वहां पर सैंकड़ो बीघा जमीन खाली पड़ी है इसलिए मेरी सरकार से मांग है कि वहां बड़ा टर्मिनल बनाने की व्यवस्था कराई जाए।